पाठ-15 अंधेर नगरी

निम्नलिखित विकल्पों में से सही के आगे (√) और गलत के आगे (X) का निशान लगाइये

(1) महंत लोभी नहीं, अवसरनुकूल निर्णय लेने वाला विवेकवान व्यक्ति था | [ ]

(2) गोबरधनदास समझदार था, इसलिए महंत के साथ नगर से नहीं गया | [ ]

(3) अंधेरी नगरी में हलवाई प्रमुख पात्र नहीं है | [ ]

(4) लम्बे संवाद नाटक के प्रभाव में वृद्धि करते है | [ ]

(5) छोटे संवाद कथानक के विकास में बाधा बनते **हैं** | [ ]

(6) भारतेन्द्र ने अंधेर नगरी में पर्याप्त रंग निर्देश दिए है | [ ]

(7) अंधेर नगरी के मंचन के लिए बहुत से मंचीय साधनों की जरूरत है | [ ]

(8) मंच के अनुकूल होना नाटक की सफलता के लिए आवश्यक है | [ ]

निम्नलिखित गद्यांश का **सार एक-तिहाई** शब्दों में लिखिए|

जल के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है| हम सब जानते हैं कि हमारे लिए जल कितना महत्वपूर्ण है| तेज गर्मी के चलते लोग एक–एक बूंद के लिए तरस रहे हैं| लेकिन ये बातें हम तक भूल जाते हैं जब अपनी टंकी के सामने मुँह धोते हुए पानी को बरबाद करते हैं| जब हम कई लीटर मूल्यवान पानी अपनी कार धोने में खर्च कर देते हैं| आज पूरी दुनिया के सामने पीने के पानी की समस्या है| पृथ्वी पर तीन चौथाई पानी होने के बाद भी पीने योग्य पानी सीमित मात्रा में है| नदियों, तालाबों और झरनों को पहले ही हम केमिकल की भेंट चढ़ा चुके हैं| प्रकृति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं उसे वापस भी हमें लौटना है| हम स्वयं पानी का निर्माण नहीं कर सकते, इसलिए प्राकृतिक संसाधनों को दूषित नहीं होने देते दें, और पानी को व्यर्थ न गँवाएँ |

किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए जिसमें शहर में बढ़ती अपराध वृत्ति की ओर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया गया हो|